स्वामी ओमानंद सरस्वती संग्रहालय

चर्चा में क्यों?

6 मार्च, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने झज्जर ज़िले में ऐतिहासिक तथ्यों के संग्रहण केंद्र स्वामी ओमानंद सरस्वती संग्रहालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा ज़िले के विकास को समर्पित करीब 78.47 करोड़ रुपए की विकासात्मक योजनाओं की सौगात दी।

प्रमुख बिंदु

- स्वामी ओमानंद सरस्वती के गौरवमयी जीवन को समर्पित इस पुरातत्त्व संग्रहालय का निर्माण झज्जर के सेक्टर 6 परिसर में करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।
- इस पुरातत्त्व संग्रहालय के निर्माण से जहाँ ऐतिहासिक वस्तुओं का संग्रहण होगा वहीं पुरातत्त्व से संबंधित रिसर्च वर्क में संग्रहालय शोधार्थियों के लिये भी मददगार बनेगा।
- मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही 34.25 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया तथा 44.22 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का उद्घाटन किया।
- उन्होंने बहादुरगढ़ शहर में नवनिर्मित 18 बेज के नए बस स्टैंड सहित सेक्टर 13 बहादुरगढ़ में नवनिर्मित राजस्व कॉलोनी, गाँव कसार में नवनिर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भवन व जाखौदा गाँव में निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन कर ज़िलावासियों को समर्पित किया।
- मुख्यमंत्री ने 3.20 करोड़ रुपए की लागत से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित स्वामी ओमानंद सरस्वती स्मृति वन, करीब 23.61 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाले उपमंडल (ना.) परिसर बादली व करीब 7.43 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उपमंडल आवासीय कॉलोनी बादली का शिलान्यास किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swami-omanand-saraswati-museum